पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

**मुख्यमंत्री ने जनपद संत कबीर नगर में 1,515 करोड़ रु0 लागत की 528 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया**

**विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, लैपटॉप व टैबलेट, ट्रैक्टर की चाभी, खेल किट तथा आवास की प्रतीकात्मक चाभी प्रदान की**

**उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया**

**भारत अपनी विरासत और विकास की यात्रा को अनवरत आगे बढ़ा रहा : मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य तय किया, भारत यह लक्ष्य तभी हासिल कर पाएगा, जब हर भारतवासी अपने–अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी से प्रयास करेगा**

**राज्य सरकार ने संत कबीर की पावन महापरिनिर्वाण स्थली के सुंदरीकरण कार्य को भव्य रूप देने का कार्य किया**

**बाबा तामेश्वरनाथ मन्दिर का सौन्दर्यीकरण तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत विकसित किये जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा**

**प्रदेश सरकार ने 'एक जनपद, एक उत्पाद' योजना के तहत बखिरा में बनने वाले कांसे के बर्तनों को नई पहचान दिलाने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया**

**हमें विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में हाईवे, एक्सप्रेस–वे, रेलवे, मेट्रो, वॉटर–वे या एयर–वे का साकार रूप देखने को मिल रहा**

**पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे का लिंक एक्सप्रेस–वे अम्बेडकरनगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर को जोड़ते हुए बेहतरीन कनेक्टिविटी दे रहा**

**नया उ0प्र0 अपने नागरिकों को सुरक्षा दे रहा और उनके लिए समृद्धि का द्वार भी खोल रहा**

**जीरो पॉवर्टी अभियान में सभी ग्राम पंचायतों में वंचितों तथा गरीबों, जिन्होंने किसी भी सुविधा का लाभ प्राप्त नहीं किया है, उन्हें एक साथ सेचुरेशन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही**

**मुख्यमंत्री ने बाबा तामेश्वरनाथ मन्दिर में दर्शन एवं पूजन किया**

**लखनऊ : 26 मई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि हमारा देश बदल चुका है। हम एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। यह भारत एक भी है और श्रेष्ठ भी है। भारत बिना रुके, बिना झुके और बिना डिगे अपनी विरासत और विकास की यात्रा

को अनवरत आगे बढ़ा रहा है। भारत की इस अनवरत यात्रा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2047 में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप भारत इस लक्ष्य को तभी प्राप्त कर पाएगा, जब 140 करोड़ भारतवासी अपने–अपने क्षेत्र में एक स्वर से विकास के लिए ईमानदारीपूर्वक प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री जी आज बाबा तामेश्वरनाथ धाम, तहसील खलीलाबाद, जनपद संत कबीर नगर में 1,515 करोड़ रुपये लागत की 528 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, लैपटॉप व टैबलेट, ट्रैक्टर की चाभी, खेल किट तथा आवास की प्रतीकात्मक चाभी प्रदान की। मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2025 की हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने बाबा तामेश्वरनाथ मन्दिर में दर्शन एवं पूजन किया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री जी ने बाबा तामेश्वर नाथ धाम की पावन धरा को नमन करते हुए संत कबीर नगरवासियों को परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब सामूहिकता से कार्य होते हैं, तभी परिणाम आते हैं। इस परिणाम को लाने के लिए ही हमारे जनप्रतिनिधि धरातल पर उतरकर कार्य कर रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के अन्तर्गत ग्राम पंचायतें, क्षेत्र पंचायतें, जिला पंचायतें, नगर निकाय, विधायक एवं सांसद प्रशासन के साथ तालमेल मिलाकर विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 10 वर्ष पूर्व लोगों को यह विश्वास नहीं था कि भारत भी अपने गौरव को पुनर्स्थापित कर पाएगा। लोगों को यह विश्वास भी नहीं था कि हमारे पास विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में हाईवे, एक्सप्रेस–वे, रेलवे, मेट्रो, वॉटर–वे या एयर–वे होंगे। पहले यह एक कल्पना थी। वर्तमान में इन सभी का साकार रूप हमें देखने को मिल रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे का लिंक एक्सप्रेस–वे अम्बेडकरनगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर को जोड़ते हुए बेहतरीन कनेक्टिविटी दे रहा है।

भारत के एक्सप्रेस–वे तथा रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क उत्तर प्रदेश के पास है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक शहरों में मेट्रो संचालित करने वाला राज्य भी है। देश का पहला वॉटर–वे तथा पहली रैपिड रेल भी उत्तर प्रदेश में संचालित हो रही है। यह सभी कार्य प्रयास का परिणाम है। 10 वर्ष पूर्व कोई यह नहीं सोचता था कि अयोध्या में भगवान श्रीरामलला का भव्य मन्दिर बन पाएगा। पहले यह एक सपना था, जो आज साकार होकर डबल इंजन सरकार की ताकत का एहसास करा रहा है। काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम भी भव्य रूप ले चुका है। पहले काशी विश्वनाथ धाम में 50 श्रद्धालु एक साथ नहीं जा सकते थे, आज वहां 50 हजार श्रद्धालु एक साथ जा सकते हैं।

आज मां विंध्यवासिनी धाम भी भव्य रूप ले चुका है। पहले मां विंध्यवासिनी धाम में 10 श्रद्धालु एक साथ मन्दिर में नहीं जा सकते थे, आज वहां 10 हजार श्रद्धालु एक साथ माता के दर्शन करने के लिए जा सकते हैं। अयोध्या दिव्य, भव्य और सुंदर नगरी के रूप में देश और दुनिया के लोगों को आकर्षित कर रही है। आज अयोध्या में जो भी आता है, वह अभिभूत होकर जाता है। प्रयागराज महाकुम्भ–2025 पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस बार 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज महाकुम्भ में आए और भगवान प्रयागराज तथा माँ गंगा का आशीर्वाद लेकर सुरक्षित अपने घर वापस गए। सभी भारतीयों को इन कार्यों पर गौरव की अनुभूति होती है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने मध्यकालीन रूढ़िवादी व्यवस्था पर प्रहार करने वाले सिद्ध संत कबीर की पावन महापरिनिर्वाण स्थली के सुंदरीकरण कार्य को भव्य रूप देने का कार्य खलीलाबाद में किया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज बाबा तामेश्वरनाथ की पावन धरा पर आने का अवसर प्राप्त हुआ है। बाबा तामेश्वरनाथ के दर्शन करने के साथ ही, उन्हें संत कबीर नगर जनपद के विकास की 1500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने का अवसर भी प्राप्त हुआ है। यह जीवन के सर्वांगीण विकास की आधारशिला रखने वाली परियोजनाएं हैं। इनमें पर्यटन, सड़क, पेयजल, नगर निकायों के भवन निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं खेल सहित जीवन की विभिन्न आयामों के विकास से जुड़ी परियोजनाएं हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बाबा तामेश्वरनाथ मन्दिर का सौन्दर्यीकरण किये जाने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत विकसित किये जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसे एक अच्छे कॉरिडोर के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने यहां पर आते हैं। उन्हें सुविधा और सुरक्षा का माहौल देना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए स्थानीय गोसाईयों और व्यापारियों से संवाद कर कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी को उजाड़ा नहीं जाएगा, बल्कि उनका व्यवस्थित पुनर्वास किया जाएगा। इससे जनपद संत कबीर नगर और सनातन धर्म को नई पहचान मिलेगी। प्रदेश सरकार बाबा तामेश्वरनाथ धाम के विकास की कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विरासत और विकास के जिस अद्‌भुत कार्यक्रम को प्रधानमंत्री जी ने आगे बढ़ाया है, आज वह भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिला रहा है। यह नया भारत है, जो पूरी दुनिया में अपनी ताकत का एहसास करा रहा है। विगत 11 वर्षों में आप सभी ने बदलते हुए भारत को देखा है। सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ बिना भेदभाव के 04 करोड़ गरीबों को प्रधानमंत्री आवास की सुविधा, 10 करोड़ गरीबों के घर में उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस के निःशुल्क कनेक्शन, 12 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय निर्माण, 45 करोड़ गरीबों के जनधन अकाउण्ट खुलना, 50 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा

की सुविधा मिलना, 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन की सुविधा का लाभ प्राप्त होना, यह नए भारत की कल्याणकारी योजनाएं हैं। यह प्रत्येक नागरिक के जीवन में परिवर्तन का कारक बन रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज ही बेसिक शिक्षा परिषद के डेढ़ करोड़ छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के खातों में यूनीफॉर्म, जूते–मोजे, बैग और स्टेशनरी क्रय करने के लिए 1200 रुपये प्रति छात्र के हिसाब से डी0बी0टी0 के माध्यम से धनराशि भेजी गयी है। सभी 826 विकास खण्डों में यह कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। वर्तमान में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में समर कैम्प चल रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सरकारी एवं ऐडेड कॉलेजों के जर्जर भवनों के सौन्दर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण एवं इनमें नई लैब्स व लाइब्रेरी के निर्माण के एक बड़े कार्यक्रम को भी सरकार आगे बढ़ा रही है।

यहां आयोजित प्रदर्शनी में बखिरा के बर्तन उद्योग के स्टॉल लगे हैं। प्रदेश सरकार ने 'एक जनपद, एक उत्पाद' योजना के तहत बखिरा में बनने वाले कांसे के बर्तनों को नई पहचान दिलाने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। जब हर क्षेत्र में विकास होगा, तो वह हमारी ताकत बनेगा। इससे रोजगार का सृजन होगा। 'एक जनपद, एक उत्पाद' योजना के माध्यम से प्रदेश के 01 करोड़ 65 लाख नौजवानों को रोजगार एवं नौकरी की सुविधा प्राप्त हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा 08 लाख नौजवानों को बिना भेदभाव के सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। हाल ही में 60,200 से अधिक नौजवानों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल में भर्ती करने का काम भी किया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। नया उत्तर प्रदेश अपने नागरिकों को बिना किसी बाधा के सुरक्षा भी दे रहा है और उनके लिए समृद्धि का द्वार भी खोल रहा है। यह प्रदेश बिना भेदभाव के विकास के कार्यों को प्रत्येक जनपद में पहुंचाने का कार्य भी कर रहा है। इसी क्रम में आज हमें संत कबीर नगर जनपद में बाबा तामेश्वरनाथ की इस पावन धरा पर आने का अवसर प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डबल इंजन सरकार आपके साथ है। प्रदेश सरकार आपकी सुरक्षा करने और आपकी समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने के लिए तत्पर है। सरकार ने जीरो पॉवर्टी अभियान प्रारम्भ किया है। सभी ग्राम पंचायतों में वंचितों तथा गरीबों जिन्होंने किसी भी सुविधा का लाभ प्राप्त नहीं किया है, उन्हें एक साथ सेचुरेशन के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

इस अवसर पर ग्राम्य विकास राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक श्री अंकुर राज तिवारी, श्री अनिल कुमार त्रिपाठी, श्री गणेश चन्द्र चौहान श्री संतोष सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

——————

***PN-CM-Sant Kabir Nagar Visit-Lokarpan & Shilanyas -26 May, 2025***